हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 4 मई 2024

04 आगामी सप्ताह में बढेगी गर्मी पारा पहुंच...



08 कृषि कार्य में आने वाली मशीनरी का किया जा...





## शहर के अंदर प्रवेश कर रहे भारी वाहन, मुख्य सड़क पर खड़े चार पहिया वाहनों के कारण संकरी हुई सड़कें, बनती है जाम की स्थिति

रात में शहर के की गलियों में आते हैं ट्रक

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** शहर का मुख्य मार्ग बस स्टैंड से लेकर विवेकानंद चौराहे तक सड़क के दोनों ओर चार पहिया वाहन खड़े होने लगे हैं। वहीं कई हैवी वाहन भी इसी मार्ग पर खड़े रहते हैं जिससे मुख्य मार्ग पर हादसों का अंदेशा बना रहता है। शहर के अंदर भी रात के समय ट्रक माल खाली करने घुस जाते हैं। जबकि शहर के अंदर हैवी वाहन पूर्णतः प्रतिबंधित हैं। पहले मुख्य मार्ग पर से भी रात 10 बजे के बाद ही भारी वाहनों को निकलने दिया जाता है, लेकिन अब यह व्यवस्था समाप्त हो गई है और भारी वाहन बेधड़क शहर के अंदर प्रवेश कर रहे हैं।





विदिशा। शहर की मुख्य सड़क पर इस तरह से घंटों खड़े रहते है हैवी वाहन, जिससे दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। दूसरी ओर एक्सीलेंस स्कूल के आगे सड़क किनारे चार पहिया वाहनों की पार्किंग होने लगी है जिससे मुख्य सड़क संकरी हो गई है।

## खबर संक्षेप

### पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह आज कुरवाई में करेंगे चुनावी आमसभा

**कुरवाई।** सागर लोकसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी लता वानखेड़े के पक्ष में आमसभा को संबोधित करने आज दोपहर 3 पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कुरवाई पहुंचेंगे। यहां वह बस स्टैंड पर आमसभ को संबोधित करेंगे। शुक्रवार सुबह सभास्थल पहुंचकर विधायक हरिसिंह सप्रे ने कार्यककर्ताओं को मंच व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी। दोपहर में चुनाव कार्यालय में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सागर संभाग प्रभारी कांति देव सिंह ने नगर एवं क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर आम सभा एवं 7 मई को होने वाली वोटिंग की तैयारी को लेकर जानकारी दी।

### जिला न्यायालय परिसर में रक्तदान आज होगा

**विदिशा।** जिला न्यायालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन आज शनिवार 4 मई को किया गया है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जाकिर हुसैन के मार्गदर्शन में यह आयोजन होगा। जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मसूद अहमद खान ने बताया कि रक्तदान शिविर में न्यायाधीश, अधिवक्ता, जिला न्यायालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी, पैरालीगल वालिटियर्स, महाविद्यालयों के छात्र शामिल होंगे।

### कल से सात दिन बंद रहेगी कृषि उपज मंडी

**विदिशा।** कल से सात दिन तक कृषि उपज मंडी में नीलामी कार्य बंद रहेगा। 5 मई को रविवार होने 6 मई सोमवार को लोकसभा चुनाव में मंडी कर्मचारियों की डयूटी के कारण नीलामी नहीं होगी। वहीं 7 मई मंगलवार को लोकसभा चुनाव की वोटिंग होने के कारण मंडी बंद रहेगी। 8 मई बुधवार को अमावस्या होने और 10 मई शुक्रवार को परशुराम जयंती का अवकाश रहेगा। 11 मई को द्वितीय शनिवार होने से बैंक बंद रहने के कारण मंडी बंद रहेगी। वहीं 12 मई को रविवार होने के कारण मंडी में नीलामी कार्य बंद रहेगा।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 को

**विदिशा।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जाकिर हुसैन के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय तथा तहसील के सिविल न्यायालयों में एक साथ 11 मई 2024 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मसूद अहमद खान ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।

### पीले चावल देकर मतदान के लिए किया आमंत्रित

**विदिशा।** लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जिला प्रशासन, नगरीय निकाय एवं अन्य विभागों द्वारा स्वीप के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। चलें बूथ की ओर अभियान की मंशानुरूप विदिशा जिले में जन-जागरूकता कार्यक्रमों, रैलियों के साथ साथ ग्रामीण, व्यापारी वर्ग एवं पथ विक्रेताओं को पेम्पलेट एवं पीले चावल देकर 7 मई को मतदान करने की अपील की जा रही है। खेजड़ा चक आदिवासी बाहुल्य बस्ती में मनुहार पाती एवं पीले चावल देकर स्वीप प्लान अन्तर्गत घर घर जाकर आमंत्रण पत्र वितरित किए गए हैं। ग्राम पंचायत पिपरिया अजीत मतदाता जागरूकता स्वीप गतिविधि अंतर्गत ग्राम पंचायत दिघोनी के खेजडातिला में आदिवासी बस्ती में पहुंचकर मनुहार पाती और पीले चावलों से मतदान करने का न्यौता दिया गया।

## कलेक्टर के निर्देश: शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी हो निर्वाचन प्रक्रिया

# अब अलर्ट मोड पर आया प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

लोकसभा चुनाव की वोटिंग में अब सिर्फ दो दिन का समय शेष है। ऐसे में प्रशासन अब अलर्ट मोड पर आ गया है। 6 तारीख से चुनावी सामग्री का वितरण किया जाना है। इसके बाद मतदान दलों को केंद्रों तक पहुंचाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी प्रशासन के ऊपर है। मतदान दलों को रवाना करने के लिए अधिग्रहित की गईं बसें आना शुरू हो गई हैं। शुक्रवार को कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने सभी सेक्टर ऑफीसरों की बैठक लेकर उन्हे मार्गदर्शन दिया।

कलेक्टर श्री वैद्य ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व पारदर्शी हो इसके लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट गंभीरता पूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करें। निर्वाचन कार्यो में संलग्न जिले के सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए हैं कि मतदान सामग्री वितरण के लिए अभी से ही अलर्ट हो जाएं। मतदान सामग्री की चेक लिस्ट लेकर मिलान कर लें और यदि कहीं सामग्री में कमी है तो उसकी पूर्ति कराएं। इसकी रिपोर्ट सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को भी प्रस्तुत करें, यह कार्य गंभीरता से करें। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने कलेक्ट्रेट के बेतवा सभा कक्ष में आयोजित बैठक सह कार्यशाला में उपस्थित सेक्टर मजिस्ट्रेट के प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए कहा कि 4 मई को सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे। वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगाया जाएगा। सेक्टर ऑफीसरों को नियत किए गए मतदान केन्द्रों का भ्रमण करना है और जानकारी प्रस्तुत करना है। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों में स्वच्छता, शौचालय तथा ग्रीष्मकल को दृष्टिगत रखते हुए शुद्ध पेयजल एवं पंखा इत्यादि की व्यवस्थाएं सुनिश्चित हों। उन्होंने कहा कि सेक्टर ऑफिसर मतदान केंद्रों का भ्रमण कर अभी से ही प्रत्येक मतदान केंद्र से 100 मीटर की दूरी का चिन्हांकन कर लें। मतदान केन्द्रों के ताले, चाबी का भी विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा से निगरानी की जाएगी। जिले के क्रिटिकल एवं बलरेबल मतदान केन्द्रों में की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के निर्देश भी उनके द्वारा दिए गए हैं।

### 100 मीटर की परिधि में न हो लोगों का जमावड़ा



विदिशा। बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर श्री वैद्य।

### मतदाताओं को न हो कोई परेशानी: कलेक्टर

मतदान केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में बिजली, पानी, ठंडा शुद्ध पेयजल, छांव के लिए टेंट, बैठने के लिए कुर्सी की पुख्ता व्यवस्था रखने के निर्देश कलेक्टर ने दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने मतदान दल के अधिकारी, कर्मचारियों की सुविधा हेतु शौचालय, स्नान करने के लिए पानी, भोजन, पेयजल इत्यादि व्यवस्थाओं की पूर्ति के लिए भी निर्देश दिए हैं।

### मतदान पर्ची के साथ कोई भी एक पहचान पत्र लेकर जाना होगा

जिला पंचायत सीईओ डॉक्टर योगेश भरसट ने बताया कि 7 मई को मतदान होना है। मतदाता मतदान करने जाएं तो पर्ची के साथ-साथ कोई भी एक पहचान पत्र अवश्य लेकर जाएं ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को 4 मई की शाम 6 बजे से एसएटीआई महाविद्यालय से निकाली जा रही विशाल कार रैली में शामिल होने का आव्हान किया। ताकि विदिशा जिले में शत-प्रतिशत मतदान संभव हो। प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी मोहिनी शर्मा, संयुक्त कलेक्टर शशि मिश्रा समेत अन्य अधिकारी व सेक्टर मजिस्ट्रेट मौजूद रहे। वहीं खंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़े रहे। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स राकेश कुमार बरसैया ने मतदान सामग्री वितरण सहित सेक्टर ऑफिसरों को सौंपे गए दायित्वों की जानकारियां बारीकी से अवगत कराई।

## चेतावनी: इस बार तापमान 45 डिग्री के भी पार पहुंच सकता है!

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मई की शुरुआत होते ही भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। शहर में तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग ने तेज गर्मी की संभावनाएं जताई है।

पिछले दिनों अप्रैल के महीने में बेमौसम बारिश का दौर चला था, जिससे तापमान में कमी देखी गई थी। अब मौसम का मिजाज बदल गया है। गर्मी के तीखे तेवर देखने को मिल रहे हैं। सुबह से ही गर्मी पड़ रही है, लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से निकल रहे है। गर्मी के चलते दोपहर के समय बाजार में सन्नाटा छाने लगा है।

शुक्रवार को जिले का अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ज्यादा और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। आने वाले दिनों में तापमान में भी वृद्धि होने की संभावना है। अनुमान है कि आगामी दिनों में लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। जिले में तापमान 45 डिग्री या इससे ज्यादा पहुंच सकता है।

## कार रैली का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शत प्रतिशत मतदान का संदेश सभी मतदाताओं तक पहुंचाने के लिए स्वीप गतिविधियों के अलावा मेगा इवेंट्स मिशन 10 डेज का क्रियान्वयन विदिशा जिले में किया जा रहा है।

शनिवार को विशाल कार रैली का आयोजन सांय काल छह बजे से किया गया है, की जानकारी देते हुए जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के जिला नोडल अधिकारी डॉक्टर योगेश भरसट ने बताया कि विशाल कार रैली शनिवार की शाम 6 बजे एसएटीआई कॉलेज से प्रारंभ होकर पीतल मील, माधवगंज चैराहा, तिलक चौक, बड़ा बाजार, रामलीला चौराह, ईदगाह चौराह होते हुए स्टेडियम में संपन्न होगी। जिले के नागरिकों से आह्वान किया गया है कि उक्त विशाल कार रैली में अधिक से अधिक पंजीयन करा कर मतदाता जागरूकता लोगों तक पहुंचाने में सहभागिता निभाएं।

## एसएटीआई के पूर्व संचालक डॉ. लोकेश वाजपेई का निधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

इंद्रप्रस्थ कॉलोनी निवासी एसएटीआई कॉलेज के पूर्व संचालक डॉक्टर लोकेश वाजपेई का 1 मई की सुबह निधन हो गया। वह कुछ वर्षों से मस्तिष्क संबंधी बीमारी से पीड़ित थे।



डॉ वाजपेई आईआईटी रुड़की से मास्टर ऑफ इंजीनियर की उपाधि लेकर एसएटीआई कॉलेज में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में प्राध्यापक रहे और छात्र-छात्राओं के हित में किए गए इनके कुशल कार्यकलापों के चलते इसी विभाग में विभागाध्यक्ष पद का प्रभार भी इन्हें सौंपा गया। आखिर में इन्हें संस्था के संचालक का पद दायित्व भी सौंपा गया। आगे बढ़कर कुछ बेहतर करने का जुनून डॉ वाजपेई के स्वभाव में था। इसी के चलते यह एसएटीआई कॉलेज में नए-नए पाठ्यक्रम लाए और विद्यार्थियों के प्रेरणा स्त्रोत बने रहे। डॉ वाजपेई के निर्देशन में संस्था के कई छात्र-छात्राओं ने पीएचडी की। डॉक्टर लोकेश बाजपेई शहर की अनेक साहित्यिक एवं सामाजिक संस्थाओं से जुड़े थे। पार्थिव शरीर को पुत्र निपुण वाजपेई, निष्णात वाजपेई द्वारा मुखाग्नि दी गई।

## चमार उमरिया गांव में बाल विवाह रुकवाने पहुंची टीम को मिली धमकी

## 15 साल की दुल्हन, 20 साल के दूल्हे की हो रही थी शादी, टीम ने पहुंचकर रुकवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

लटेरी तहसील के अंतर्गत ग्राम चमार उमरिया गांव में नाबालिक किशोरी का बाल विवाह किया जा रहा था। सूचना पर बाल विवाह रुकवाने वाली टीम मौके पर पहुंची।

पुलिस और महिला बाल विकास विभाग के सदस्यों के साथ लटेरी के ग्राम चमार उमरिया पहुंचकर विवाह को रोकने का प्रयास किया। डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर दीपा शर्मा ने बताया कि टीम के सामने काफी परेशानी आई। ग्रामीणों ने उन्हें घेर लिया और जान से मारने की धमकी भी दी।



यहां तक की बंधक बनाने का प्रयास भी किया गया। बाद में उनारसी कला थाना से अतिरिक्त पुलिस बल बुलानी पड़ा। काफी समझाइश देने और बाल विवाह की दुष्परिणामों के बारे में बताने के बाद परिवार विवाह को टालने के लिए तैयार हुआ। बताया गया कि इस विवाह के दौरान दुल्हन की उम्र 15 साल और दूल्हे की उम्र 20 साल थी और दोनों की ही शादी बाल विवाह के रूप में हो रही थी।

## मतदान सामग्री का वितरण 6 मई को सुबह 7 बजे होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

लोकसभा चुनाव के लिए पांचों विधानसभाओं में निर्वाचन के लिए सामग्री वितरण का 6 मई की सुबह 7 बजे से किया जाएगा।

मतदान सामग्री वितरण के लिए पुख्ता व्यवस्था की गई है। मतदान दल के अधिकारी, कर्मचारियों को मतदान सामग्री प्राप्ति के लिए नियत समय व पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। संसदीय क्षेत्र विदिशा अंतर्गत आने वाली विधानसभा क्षेत्र विदिशा एवं संसदीय क्षेत्र सागर में शामिल विदिशा जिले की विधानसभा क्षेत्र शमशाबाद के लिए शासकीय आदर्श कॉलेज जाफरखेड़ी से मतदान सामग्री का वितरण होगा। जबकि संसदीय क्षेत्र विदिशा की विधानसभा क्षेत्र बासौदा के लिए बासौदा के शासकीय संजय गांधी महाविद्यालय से मतदान सामग्री का वितरण होगा। संसदीय क्षेत्र सागर में शामिल जिले की दो विधानसभा जिनमें विधानसभा क्षेत्र सिरोंज के लिए लटेरी रोड सिरोंज स्थित शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय से तथा कुरवाई के लिए कुरवाई के शासकीय महाविद्यालय से मतदान सामग्री का वितरण होगा। जिले की पांचो विधानसभाओं की मतदान सामग्री वापसी का कार्य विदिशा के जाफरखेड़ी आदर्श कॉलेज महाविद्यालय में किया जाएगा।

## कॉलेज की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक कर वोटरों को अपने वोट का सही उपयोग करने प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

गर्ल्स कॉलेज की एनएसएस एवं एनसीसी इकाई की छात्राओं ने विवेकानंद चौराहे पर नुक्कड़ नाटक कर मतदाताओं को जागरूक किया। छात्राओं ने अपने नाटक के द्वारा संदेश दिया कि नागरिकों के एक-एक मतदान से ही लोकतंत्र महान हो सकता है।

एनसीसी अधिकारी डॉ. विनीता प्रजापति एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. आरती मल्होसिया ने नाटक कहा कि नाटक का उद्देश्य शहरी युवा एवं महिला मतदाताओं में वोट के प्रति उदासीनता को दूर करना है। आगामी लोक सभा निर्वाचन मतदान दिनांक 7 मई को छात्राएं अपने-अपने ग्राम में घर घर जाकर ग्रामीण मतदाताओं से अपना मत डालने के लिए उन्हें निवेदन करेंगी। कॉलेज द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन में मत प्रतिशत बढ़ाने विभिन्न गतिविधियां कॉलेज प्राचार्य डॉ. नीता पाण्डेय के निर्देशन में आयोजित की जा रही हैं। महाविद्यालय के इलेक्टोरल लिट्रेसी क्लब के प्रभारी सहायक प्राध्यापक रवि रंजन ने बताया कि इस लोकसभा निर्वाचन में कॉलेज की समस्त पात्र छात्राएं सपरिवार अपना मत डालने के लिए संकल्पित हैं। पहली बार वोट डालने वाली कॉलेज की छात्राएं उत्साहित नजर आ रही हैं।




## 15 वर्षों से संचालित अखंड 108वीं महागंगा आरती आज

### हर 50 दिन बाद एक महागंगा आरती का सामूहिक आयोजन जारी है

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मां बेतवा नदी को साफ, स्वच्छ, सुंदर, बारहमासी, सदानीरा देखने के उद्देश्य से बड वाले घाट पर मां वैत्रवती गंगा की आरती की जा रही है। 15 साल पहले हरियाली अमावस्या के दिन 22 जुलाई 2009 से निरंतर एक एक दिन की गणना के साथ नित्य गंगा आरती के तत्वावधान में मां वैत्रवती गंगा मंगल आरती सेवा समिति द्वारा यह आरती शुरू की गई थी। हरियाली अमावस्या 22 जुलाई 2009 से निरंतर लगभग 15 वर्षों से मां वैत्रवती गंगा की बड़ वाले घाट विदिशा मप्र पर गौधूली बेला में एक एक दिन की गणना के साथ नित्य गंगा आरती की जा रही है। जिसमें आम जनता शासन प्रशासन को आंखों देखा हाल दिखाने हर पचास दिन बाद एक महागंगा आरती का सामुहिक आयोजन जारी है। इसी क्रम में नित्य गंगा आरती के 5401 दिन पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हर पचास दिन बाद की जाने वाली महागंगा आरतियों की श्रंखला में अखंड 108 वीं महागंगा आरती में 4 मई दिन शनिवार को गोधुली बेला में शाम 6:30 बजे बेतवा के बड वाले घाट पर की जाएगी।

## 1341 बीयू, और इतनी ही सीयू और वीवीपीएटी उपलब्ध हुईं

**विदिशा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए द्वितीय रेंडमाइजेशन के बाद जिले की पांचों विधानसभाओं के लिए ईवीएम व व्हीव्हीपीएटी आवंटित की गई हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बुद्धेश कुमार वैद्य ने बताया कि जिले के सभी 1341 मतदान केन्द्रों के लिए विदिशा जिले में कुल 1341 (बीयू) यूनिट्स, 1341 (सीयू) यूनिट्स एवं 1341 व्हीव्हीपीएटी यूनिट्स आवंटित की गई हैं। जबकि 263 बीयू और 263 सीयू यूनिट्स तथा 396 व्हीव्हीपीएटी यूनिट्स रिजर्व में रखी गई हैं। संसदीय क्षेत्र क्रमांक 18 विदिशा अंतर्गत आने वाली विदिशा विधानसभा के लिए अलग-अलग 276-276 बीयू यूनिट्स और कंट्रोल यूनिट्स आवंटित हैं के अलावा 54- 54 बीयू और कंट्रोल यूनिट्स तथा 81 व्हीव्हीपीएटी यूनिट्स रिजर्व में रखी गई हैं। इसके अलावा बासौदा विधानसभा के लिए क्रमशः 262-262 अलग-अलग बीयू यूनिट्स और कंट्रोल यूनिट्स के अलावा 51-51 बीयू यूनिट्स और कंट्रोल यूनिट्स तथा 81 व्हीव्हीपीएटी यूनिट्स रिजर्व में है।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-4405
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-3100
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2300
उच्चतम भाव- 2380
चना
न्यूनतम भाव- 3260
उच्चतम भाव- 6595
मसूर
न्यूनतम भाव-4500
उच्चतम भाव-6200
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3655
उच्चतम भाव-4645
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-5500
सरसों
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-5570
उड़द
न्यूनतम भाव-5500
उच्चतम भाव-6500
धान
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-2600
अलसी
न्यूनतम भाव-4400
उच्चतम भाव-4875
बटरी
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-6400
मूंग
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-6200
इमली
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-2100
कलौंजी
न्यूनतम भाव-5100
उच्चतम भाव-5100
धनिया
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-6500

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 36632 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई। यहां उल्लेखनीय है कि इन दिनों रबी सीजन की फसलों की गहाई पूरी हो चुकी है और इस कारण मंडी में आवक भी लगातार बढ़ रही है।

## खबर संक्षेप

### आगामी 6 से 12 मई तक मंडी नीलामी का रहेगा अवकाश



**गंजबासौदा।** स्थानीय कृषि उपज मंडी में आगामी सोमवार 6 मई से लेकर आगामी 12 मई तक विभिन्न कारणों से नीलामी अवकाश रहेगा। जिससे इन दिनों में किसान कृषि उपज का विक्रय नहीं कर पाएंगे। मंडी समिति द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि आगामी सोमवार 6 मई को मतदान दलों को सामग्री वितरण एवं उनकी रवानगी होगी। जबकि 7 मई को क्षेत्र में लोकसभा चुनावों के लिए मतदान होगा। वहीं 8 मई बुधवार को अमावस्या के चलते मंडी में अवकाश रहेगा। इसके बाद 10 मई को भगवान परशुराम जयंती एवं अक्षय तृतीया का अवकाश रहेगा। जबकि 11 मई को माह का दूसरा शनिवार होने और 12 मई को रविवार का अवकाश रहेगा। इस तरह मंडी में 6 मई से 12 मई तक नीलामी कार्य बंद रहेगा। इस बीच मात्र 9 मई को ही मंडी नीलामी होगी। मंडी समिति ने किसानों से अवकाश के दिनों में उपज विक्रय के लिए न आने की अपील की है।





### बाजार में धडल्ले से बिक रहे हैं दूषित फल

**गंजबासौदा।** गर्मियों का सीजन शुरू हो गया है और भीषण गर्मी पड़ने लगी है। ऐसे में बाजार में गर्मी से राहत देने वाले फलों की बिक्री भी तेज हो गई है। लेकिन इन फलों को दुकानदार साफसफाई से रखकर विक्रय नहीं कर रहे हैं। जिससे दूषित फलों से बीमारियों का खतरा बढ गया है। दुकानदारों द्वारा बगैर सुरक्षा के ही फलों को बेचा जा रहा है काफी गंदे तरीके से फलों को बेचा जा रहा है। ऐसे में दूषित फल खाने से लोग बीमार हो सकते हैं।

### मौसम वेबसाइटों ने दिए तापमान में वृद्धि के संकेत

# आगामी सप्ताह में बढेगी गर्मी पारा पहुंच सकता है 45 के पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पिछले कुछ दिनों से इलाके में बादल और बारिश का मौसम चल रहा है और प्रचंड गर्मी अभी शुरू नहीं हुई है। लेकिन अब कुछ दिनों से मौसम साफ है और गर्मी का असर बढता जा रहा है। वहीं अब आगामी दिनों में मौसम विभाग की वेबसाइटों ने इलाके में भीषण गर्मी पडने और तापमान में वृद्धि के पूर्वानुमान व्यक्त किए हैं। इन वेबसाइटों के अनुसार आगामी दिनों में इलाके का अधिकतम तापमान 45 से 46 डिग्री सेल्सियश तक पहुंच सकता है। जो चिंता का विषय है।





यहां उल्लेखनीय है कि इलाके में इस वर्ष मार्च तक सर्दी का असर रहा और अप्रैल माह में बार बार बादल छाने और बारिश होने का सिलसिला चलता रहा। जिससे अच्छी गर्मी नहीं पड सकी और किसानों को इससे काफी मायूस होना पड रहा है। किसानो के अनुसार अच्छी गर्मी पडने से खेतों में गर्मी पहुंच जाती है और मिट्टी में मौजूद हानिकारक तत्व नष्ट हो जाते हैं, लेकिन इस बार अभी तक तेज गर्मी न पडने से इन तत्वों के कारण आगामी समय में फसलों में रोग व्याधि बढने की संभावना बनी हुई है। इसीलिए किसान अच्छी गर्मी का इंतजार कर रहे हैं।वहीं अच्छी गर्मी से आगामी समय में बारिश भी अच्छी मानी जाती है। इस लिहाज से भी इलाके में अच्छी गर्मी का इंतजार है।

उधर इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने अब आगामी दिनों में इलाके में जोरदार गर्मी पडने के संकेत दिए हैं। इनमें से एक वेबसाइट के अनुसार आगामी 15 मई तक इलाके में तेज गर्मी के साथ अधिकतम तापमान 45 से 44 डिग्री सेल्सियश तक पहुंच सकता है। हांलाकि इस बीच आसमान पर बादल भी छाए रहेंगे और उनसे कभी कभार बूंदाबांदी भी हो सकती है। दूसरी ओर एक अन्य वेबसाइट ने इलाके में आगामी 15 मई तक तापमान के 45 से 46 डिग्री सेल्सियश तक पहुचंने के संकेत दिए हैं। इस लिहाज से आगामी 15 मई तक इलाके में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो सकता है। 20 मई के बाद से तापमान में कमी भी आएगी। जिससे आम जन सहित पशु पक्षियों और मवेशियों को भी परेशानी हो सकती है। चिकित्सकों के अनुसार भीषण गर्मी में लू से बचने लोग अपने चेहरे एवं शरीर को ढंककर ही बाहर निकलें, पानी की पूर्ति के लिए ठंडे पेय पदार्थों का सेवन करते रहें, मवेशियों एवं पक्षियों के लिए भी पानी एवं दाने का प्रबंध करें, दूषित फल सब्जी एवं खाद्य सामग्री न खाएं, बीमार होने पर तुरंत चिकित्सकीय उपचार कराएं। बच्चों को लू एवं धूप से विशेष रूप से बचाएं।

## श्रमिक दिवस पर पाठक संघ ने श्रमिकों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहर वाचनालय पाठक संघ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर श्रमिकों को फूल माला पहनकर उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया। वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले द्वारा श्रमिक दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि श्रमिक दिवस की शुरुआत 1 मई 1886 से मानी जाती है। जब अमेरिका की मजदूर यूनियनों ने काम का समय 8 घंटे से अधिक ना रखे जाने के लिए हड़ताल की थी। इस हड़ताल के समय शिकागो की मार्केट में बम धमाका हुआ। जिसमें कई श्रमिकों की जान चली गई। 19 वीं शताब्दी के अंत में अमेरिकन फेडरेशन ऑफ लेबर द्वारा शिकागो में आयोजित एक राष्ट्रीय सम्मेलन में श्रमिकों के काम करने के लिए 8 घंटे का कानूनी समय घोषित किया गया। भारत में पहला श्रमिक दिवस 1 मई 1923 को मजदूर किसान पार्टी ऑफ हिंदुस्तान द्वारा चेन्नई में मनाया गया था। पार्टी के नेता सिंगर बेलू चेट्टियार ने दो स्थानों पर मई दिवस समारोह का आयोजन किया था। यह पहली बार था जब भारत में श्रम दिवस के प्रतीक के रूप में लाल झंडे का इस्तेमाल किया गया था। इस अवसर पर दीपक तिवारी, हजारी लाल पाटस्कर, घनश्याम सेन, गोपी साहू, कैलाश नेमा, सतीश सेन, बंटी गोस्वामी, सोनू केवट, बंसी कुशवाह, राम सिंह कुशवाहा, हर्ष सेन, रमेश मालवीय, मदन सिंह यादव सहित अनेक लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर वाचनालय परिसर में मजदूरों को पुष्पहार पहनाकर उनका स्वागत किया गया और जलपान कराते हुए उनका और उनकी सेवाओं का सम्मान किया गया।

### ग्रीष्मकालीन कबड्डी, जूडो, ताइक्वांडो व खेल प्रशिक्षण शिविर शुरू




**गंजबासौदा।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग विदिशा द्वारा विकासखंड गंज बासौदा में प्राचार्य एमसी शर्मा के मार्ग दर्शन में एवं बैडमिंटन केंद्र के नोडल अधिकारी स्वतंत्र कुमार जैन की उपस्थिति में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। विकासखंड गंज बासौदा में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक स्कूल थाने के सामने कबड्डी एवं जूडो कराटे एवं इमली चौराहा एसजीएस कॉलेज के पीछे ताइक्वांडो का प्रशिक्षण 1 मई से 31 मई तक निशुल्क दिया जा रहा है। साथ ही में बालिकाओं को सेल्फ डिफेन्स सिखाया जा रहा है। खेल विभाग की ब्लॉक समन्वयक ने बताया की कबड्डी, कराटे और जूडो का प्रशिक्षण कोच कृष्ण गोपाल जोगी देंगे। इच्छुक लोग कृष्ण गोपाल जोगी के मोबाइल नंबर 9907076744 पर संपर्क कर फ्री रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं और साथ ही में ताइक्वांडो का प्रशिक्षण कोच हेमंत विश्वकर्मा देंगे। हेमंत विश्वकर्मा के नंबर 8878877088 पर संपर्क कर फ्री रजिस्ट्रेशन कराए जा सकेंगे। इस समर कैंप में प्रतिदिन सुबह - शाम प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## इसी साल रिटायर होने वाले व घायल कर्मचारियों को चुनाव कार्य से मुक्त किया जाए: शफाकत हुसैन कादरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के संभागीय उपाध्यक्ष सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया कि देश एवं मध्य प्रदेश में होने वाले लोकसभा चुनाव में अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस संदर्भ में प्रदेशाध्यक्ष जितेंद्र सिंह द्वारा पत्र लिखकर यह अनुरोध किया गया है कि जिन कर्मचारियों की रिटायरमेंट के लिए 6 महीने शेष हैं, कृपया उनकी ड्यूटी निर्वाचन कार्य में ना लगाई जाए। क्योंकि चुनाव गर्मी के दौरान हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में मध्य प्रदेश के कर्मचारी एवं अधिकारियों के हित को देखते हुए और किसी प्रकार से निर्वाचन कार्य में कोई बाधा उत्पन्न ना हो इसको इस दृष्टिगत रखते हुए अनुरोध किया गया है कि इस प्रकार के शेष कर्मचारियों को इस कार्य से मुक्त रखा जाए।

हमेशा चुनाव निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपत्र हो इसके लिए कर्मचारी हमेशा तत्पर रहता है। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष हरी सिंह चौहान द्वारा जानकारी दी गई कि निर्वाचन कार्य के 3.3.5 में इसका हवाला भी दिया गया है। रिटायरमेंट के लिए 6 महीने शेष है कृपया उनकी ड्यूटी निर्वाचन कार्य में ना लगाई जाएं। श्री कादरी ने बताया कई कर्मचारी एक्सीडेंट एवं अन्य हादसों मे घायल हैं जैसै देवेश मिश्र सांड के हमले में तथा ओपी मिश्र रेलवे प्लेटफार्म पर गिरने से इस तरह और भी कर्मचारी हैं जो घायल हैं।

ऐसे कर्मचारियो को भी चुनाव ड्यूटी से मुक्त किया जाऐ। अध्यापक नेता पृथ्वीसिंह रघुवंशी एवं तृतीय वर्ग ब्लाक अध्यक्ष राजकुमार पाराशर ने बताया निर्वाचन-2024 में ऐसे शासकीय सेवक भी शामिल हैं जिनमें पति-पत्नी दोनों ही शासकीय सेवा में हैं और जिनकी चुनाव में डयूटी लगाई गई है, चूंकि पोलिंग ड्यूटी एक दिन पूर्व से प्रारम्भ हो जाती है और कार्मिकों को पोलिंग पर ही रात को रुकना पड़ता है। ऐसे में उनके समक्ष छोटे बच्चों, बीमार माता पिता की देखभाल का गंभीर संकट पैदा हो जाता है। ऐसे में यदि पति-पत्नी दोनों ही सरकारी सेवा में है तो पति पत्नी की इस पारिवारिक समस्या पर पति या पत्नी में से किसी एक को चुनाव ड्यूटी से पूर्व की भांति मुक्त रखने का विनम्र आग्रह किया गया है।

### सशस्त्र बलों के साथ नगर में निकाला गया फ्लैग मार्च

**गंजबासौदा।** आगामी 7 मई को क्षेत्र में लोक सभा चुनाव के लिए मतदान होना है और क्षेत्र में शांतिपूर्ण एवं व्यस्थित तरीके से मतदान संपन्न कराने के लिए प्रशासन एवं पुलिस विभाग पूरी तैयारी के साथ लगा हुआ है। इसी के तहत आपराधिक तत्वों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। साथ ही सूचीबद्ध बदमाशों को चुनाव में शांतिभंग न करने के लिए हिदायत दी जा रही है। वारंटियों की तामील कराई जा रही है। उधर क्षेत्र में मतदाताओं को भी भयमुक्त होकर मतदान करने के लिए प्रेरित करने पुलिस तरह तरह के प्रयास कर रही है। इसी के तहत शुक्रवार को एसडीओपी मनोज मिश्रा के नेतृत्व में सशस्त्र बलों एवं पुलिस बल के साथ नगर के मुख्य मार्गों और संवेदनशील मतदान केन्द्रों के क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। ताकि जनता सुरक्षा को लेकर निंश्चिंत रहे और भयमुक्त होकर मतदान प्रक्रिया में शामिल हो।



### नागेश्वर पशुपतिनाथ महादेव मंदिर में चल रही है श्रीमद् भागवत कथा

## कथा में धूमधाम से मना भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सिरोंज चौराहा गोयल पेट्रोल पंप के पास नागेश्वर पशुपतिनाथ महादेव मंदिर में हो रही श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस में श्री कृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। भक्तों ने फूलों की वर्षा करते हुए ढोल धमाका के साथ श्री कृष्ण जी का जन्मोत्सव मनाया। परम पूज्य महाराज आचार्य पंडित विकास ऐलिया ने बताया कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। भगवान जन्म नहीं लेते प्रभु का प्राकट्य होता है प्रगट होते हैं। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुईं, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। शास्त्री ने कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। जैसे ही कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ पूरा पंडाल जयकारों से गूंजने लगा। श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर जमकर झूमे। श्रीकृष्ण जन्म उत्सव पर नन्द के आनंद भयो जय कन्हैयालाल की भजन प्रस्तुत किया तो श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर जमकर झूमे। एक-दूसरे को श्रीकृष्ण जन्म की बधाईयां दी गई, एक-दूसरे को खिलौने और मिठाईयां बाटी गई। कथा महोत्सव में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भजन प्रदुम कर भगवान श्री कृष्ण के जन्म की खुशियां मनाई। कथा में उपस्थित भक्तगण राजेश माथुर द्वारा श्री कृष्ण कन्हैया को पुष्पों का हार पहनाया गया। साथ में उपस्थित दीपक तिवारी ,शिव गोपाल पाराशर ,अभिषेक शर्मा ,दिनेश दंडोतिया ,रामेश्वर बालोठिया, विष्णु प्रसाद शर्मा, मनोज पस्तारिया, शिव गोपाल शर्मा ,सतीश शर्मा ,शिवमोहन पाराशर, दीपक पाराशर ,सरीना माथुर, कथा के मुख्य यजमान प्रीति राजकुमार सक्सेना ,विजय अरोरा, समस्त भक्तगण उपस्थित रहे।

### सभा करने शिवराज आज आएंगे गंज बासौदा

**गंजबासौदा।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री विदिशा संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान शनिवार 4 मई को हेलीकाप्टर से बासोदा आयेंगे और स्थानीय नेहरू चौक पर एक भव्य एवम विशाल जन सभा को संबोधित करेंगे। शिवराज सिंह चौहान 4 बजे स्थानीय एसजीएस कॉलेज ग्राउंड में उतरेंगे। जहां से मुख्य मार्ग से जन सभा को संबोधित करने के लिए नेहरू चौक पहुंचेंगे।

## मच्छरो की संख्या बढी, नपा ने किया मच्छरनाशक धुएं का छिड़काव तेज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

इन दिनों नगर में मच्छरों का प्रकोप अत्याधिक बढ गया है। नगर की नालों एवं नदी के किनारे की निचली बस्तियों में विशेष रूप से मच्छरों के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड रही है। मच्छरों से परेशान लोग मच्छर नाशक क्वाइल, ऑलआऊट, अगरबत्ती, विभिन्न तरह के धुंआ आदि करने को मजबूर हो रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें मच्छरों से राहत नहीं मिल रही है। उधर नगर पालिका भी मच्छरों की समस्या को कम करने के लिए नगर के विभिन्न वार्डों एवं मुख्य मार्गो पर मच्छरनाशक धुंए का छिडकाव करा रही है। नपा के वाहन से नपाकर्मी प्रतिदिन विभिन्न वार्डों में मच्छरनाशक धुंए का छिडकाव कर रहे हैं। गत शाम को नपाकर्मियों ने नगर के रेलवे स्टेशन मुख्य मार्ग पर भी मच्छरनाशक धुंए का छिडकाव किया। ताकि नागरिकों को मच्छरों से निजात मिल सके।

## खबर संक्षेप



### मतदाता जागरूकता रैली निकालकर दिया मतदान करने का संदेश

**सिरोंज।** नगर के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नाकोत्तर महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग द्वारा डॉक्टर वसीम उल्ला खान के निर्देशन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली महाविद्यालय से प्रारंभ होकर छतरी नाका चौराहे पर समाप्त हुई। रैली में विद्यार्थी बैनर एवं तख्ती लेकर चल रहे थे एवं प्रेरक नारे भी लगा रहे थे। महाविद्यालय के एनएसएस, एनसीसी एवं अन्य छात्रों ने नुक्कड़ नाटक कर अधिक से अधिक मतदान करने के लिए दुकानदारों एवं राहगीरों को जागरूक किया। स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने दुकानदारों के पास जाकर उनसे 7 मई को मतदान करने के लिए अनुरोध किया। दुकानदारों ने भी आश्वस्त किया कि मतदान के दिन वह अपनी दुकान बंद करके मतदान करने जरूर जाएंगे। रैली में डॉक्टर सैयद उरूज अहमद, डॉक्टर अवधेश पांडे, डॉक्टर कल्पना पंचोली, प्रोफेसर संघ प्रिय गौतम, डॉक्टर समृथ निनामा, डॉक्टर विभा श्रीवास्तव, लोकेश टोपिया, डॉक्टर शबाना परवीन, डॉ आनंद यादव, डॉ मीनाक्षी शर्मा, वीरेंद्र सेन, डॉक्टर शाकिर खान, लखन यादव, अजय चौधरी, नरेंद्र दांगी, शिवचरण पंथी, श्यामलाल बिजोले का अच्छा सहयोग रहा।

### फेक न्यूज से रहें सावधान

**सागर।** सागर संसदीय क्षेत्र और जिलेवासियों से सोशल मीडिया में प्रकाशित एवं प्रचारित बिना तथ्यों की भ्रामक जानकारियों से बचने की अपील की गई है। सोशल मीडिया पर कोई भ्रामक जानकारी या अफवाह फैलाते पाए जाएंगे तो ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### कार्यकर्ताओं ने मेहमानों का केसरिया पगड़ी, मोती की माला पहनाकर व पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

# भाजपा ने देश की तस्वीर तकदीर बदली: नड्डा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा ने गुरुवार को सिरोंज में सागर संसदीय क्षेत्र की प्रत्याशी लता बानखेड़े के लिए आमसभा की। वे करीब सवा छह बजे बस स्टैंड पर बने सभास्थल पर पहुंचे। मंच पर पहुंचते ही उन्होंने मंचासीन सभी नेताओं के साथ हजारों की संख्या में उमड़ी जनता का अभिवादन किया। उनके पूर्व मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भाजपा की रीति नीतियों और योजनाओं से उपस्थित जनसमुदाय को राम मंदिर निर्माण की बात कहते हुए इशारों ही इशारों में मथुरा में भगवान श्री कृष्ण के वैभव को पुनः प्राप्त करने के लिए तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के लिए लता बानखेड़े के बारे में जनता को बताया ।

सिरोंज विधायक और सभा के सूत्रधार उमाकान्त शर्मा ने इस अवसर पर विधानसभा के एक एक कार्यकर्ता और जनता जनार्दन की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा तथा मुख्यमंत्री यादव का गदा भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर मंच पर प्रमुख रूप से मंत्री गोविंद राजपूत, पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव,भूपेंद्र सिंह, विधायक सूर्य प्रकाश मीना, हरिसिंह सप्रे,संभाग प्रभारी कांतदेव सिंह जी,प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल जिलाध्यक्ष राकेश जादौन,सागर जिलाध्यक्ष गौरव सिरोठिया सहित भोपाल विदिशा,सागर क्षेत्र सहित नेतागण उपस्थित थे।

## केसरिया पगड़ी में विदेशी डेलीगेट रहा आकर्षक का केंद्र

सभा में नौ देशों के डेलीगेट भी शामिल हुए जो विश्व की सबसे बडे राजनैतिक संगठन भारतीय जनता पार्टी की लोकतांत्रिक चुनावी सभा ओर केम्पेन का अध्ययन करने आए थे। यह विदेशी डेलीगेट में विभिन्न देशों के राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल थे। भोपाल से कार द्वारा सिरोंज विश्राम गृह में पहुंचने पर विधायक उमाकान्त शर्मा के मार्गदर्शन में सभी अतिथियों का पारंपरिक स्वागत किया गया। इन विदेशी मेहमानों को बेटियों ने तिलक लगाकर आगवानी की। वही व्यवस्था में लगे कार्यकर्ताओं ने सभी मेहमानों का केसरिया पगड़ी मोती की माला, केसरिया पटका सिरोंज की प्रसिद्ध मिठाई भेंट कर पुष्पवर्षा कर पारंपरिक स्वागत किया। इसके उपरांत यह सभी विशेष सुरक्षा में सभास्थल पर पहुंचे। मंच के सामने इन मेहमानों को बैठने के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। नड्डा जी ने अपने भाषण के दौरान जनता से खचाखच भरे पंडाल में इन सभी मेहमानों का परिचय करवाया। इन प्रतिनिधियों में प्रमुख रूप से एविच पोलर ओकविर युगांडा, उदय शमशेर जे बी राणा नेपाल, डॉ जयकांत राउत नेपाल, काकुलन्दला लियानागे श्रीलंका, विजय मासन मोरिसियस, ट्रॉन थान हुओंग वियतनाम, सुश्री हो थी हॉन्ग हान वियतनाम, एरियल बुलस्टिन इजराइल, जितेंद्र वैध यूएई शामिल थे। यह सभी भाजपा के विदेश संपर्क विभाग के रोहित गंगवाल,सह प्रदेश संयोजक विदेश संपर्क विभाग प्रमुख श्री सुदर्शन जी गुप्ता,प्रदेश प्रवास प्रमुख विनोद गोटिया,प्रदेश प्रवक्ता नेहा बग्गा के साथ सिरोंज पहुँचे थे।

### कांग्रेसियों ने ली भाजपा की सदस्यता

कार्यक्रम के शुरुआत में ही अनेक कांग्रेसी नेताओं ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की रीति नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ली। सदस्यता लेने वालों में सिरोंज लटेरी विधानसभा की अनेक पंचायतों के सरपंचगण व पार्षद शामिल रहें। सदस्यता लेने वालों में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राकेश पालीवाल,पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र पाटीदार, लाखन राजपूत देवपुर,राजेश बघेल बांसखेड़ी,प्रदीप बघेल,उमेश पटेल, पार्षद प्रतिनिधि राजू कुशवाह,अरविंद पालीवाल,संजय चौरसिया सहित नेताओं ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ली।

### बुंदेली लोकगीत पर नाचे विधायक

कार्यक्रम में बुंदेलखंड के प्रसिद्ध लोकगीत गायक हल्केराम कुशवाह को भी बुलाया गया था। गांव-गांव से यहां पहुंचे नागरिको ओर माता बहिनों का कार्यक्रम में दोपहर 2 बजे से आना प्रारम्भ हो गया था। बुंदेली गीतों के बीच विधायक उमाकान्त शर्मा अपने कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचे। यहां पर होने वाले बुंदेली गीतों के साथ राम भजनों पर नृत्य भी किया। कमल के फूल की साड़ी पहनकर कार्यक्रम में शामिल हुई लाडली बहनों के बीच पहुंचकर विधायक शर्मा ने उनकी कुशल क्षेम भी जानी। भीषण गमी के बीच सभा मंडप में बैठे हजारों लोगों को भाजपा कार्यकर्ता पानी पिलाने का भी इंतजाम करते रहे।



भाजपा की रीति नीतियों से प्रभावित होकर अनेक कांग्रेसियों ने ली भाजपा की सदस्यता

### *देश की तस्वीर एवं तकदीर बदलने वाला है यह चुनाव-जेपी नडडा*

*इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नडडा ने कहा कि लोकसभा का यह चुनाव देश की तस्वीर बदलने वाला है विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने वाला है। आज भारत सम्पूर्ण विश्व के आर्थिक जगत में पांचवे नं. पर आकर खड़ा हो गया है। इस देश में रहने वाली 25 करोड़ जनता गरीबी रेखा से बाहर निकल गई है। मोदी के नेतृत्व में गांव गरीब, किसान, मजदूर, शोषित एवं पीड़ित व्यक्तियों को उनकी जनहितैषी योजनाओं एवं नीतियों के कारण ताकत मिली है। उन्होंने कहा कि बीस साल पहले म.प्र. की गिनती बीमारू राज्यों में होती थी लेकिन जबसे भाजपा की सरकार म.प्र. में बनी है प्रदेश अग्रणी राज्यों की श्रेणी में आकर खड़ा हो गया है। आज म.प्र. के साथ साथ सम्पूर्ण देश आगे बढ़ रहा है ताकतवर बन रहा है। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण देश में भाजपा का माहौल है और नरेन्द्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष वी.डी. शर्मा, केविनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, गोपाल भार्गव, भूपेन्द्रसिंह, राजबहादुर सिंह, हरि सप्रे विधायक, सूर्यप्रकाश मीणा के साथ ही बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। आभार व्यक्त विधायक उमाकांत शर्मा ने किया।*

### *कांग्रस ने देश को अंधकार में झोंकने का काम किया है मुख्यमंत्री*

*इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश को अंधकार में झोंकने का काम किया है। उनके शासन में देश में आतंकवाद की जड़े मजबूत हुई हैं एवं पूरे देश में वह पनपा है। कांग्रेस भाजपा पर संविधान में संशोधन करने एवं आरक्षण समाप्त करने का झूठा आरोप लगाती है। जबकि देश के संविधान में सैकड़ों वार संशोधन उनके शासनकाल में हुआ है। उन्होंने कहा कि यह बदलते दौर का भारत है एवं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत के पुर्नजागरण एवं विकास के भागीरथी हैं। वह स्वयं को प्रधानमंत्री न मानकर प्रधान सेवक मानते हैं इसलिए सभी वर्ग के कल्याण हेतु उनकी योजनाऐं चल रही हैं।*

## विद्या निकेतन स्कूल का बोर्ड परीक्षाओं का शत-प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम



SHEJAL BHAVSAR, PARAG UPADHYAYA, ANSHI DHAKAD, RASHI VISHWAKARMA, DEEPESH VISHWAKARMA, AASHI DHAKAD, AYUSH DHAKAD, ARPIT DUBEY

**बरेली।** वर्षों से नगर एवं क्षेत्र के छात्र छात्राओं को संस्कारों के साथ शिक्षा प्रदान कर रहे विद्या निकेतन स्कूल में कक्षा 5 वीं , 8 वीं एवं 10 वीं की बोर्ड परीक्षाओं का शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम आने से छात्र, छात्राओं पालकों एवं स्कूल , परिवार में भारी हर्ष बना हुआ हैं। कक्षा 10 वीं में सेजल भावसार ने 94.2 प्रतिशत , पराग उपाध्याय ने 93.9 प्रतिशत , आंशी धाकड़ ने 91 प्रतिशत , राशि विश्वकर्मा ने 90.2 प्रतिशत, दीपेश विश्वकर्मा ने 89 प्रतिशत , आशी धाकड़ ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण की । कक्षा 8 वीं में कुलदीप धाकड़ ने 88.2 , देव धाकड़ ने 87.7 प्रतिशत , जिया अली ने 83.9 प्रतिशत , नंदनी भावसार ने 81.2 प्रतिशत एवं आयुष राजपूत ने 78 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण की । इसी प्रकार कक्षा 5 वीं में रक्षा ठाकुर ने 87.3 प्रतिशत , नवीला मंसूरी ने 87 प्रतिशत , कृष्णा धाकड़ ने 86.8 प्रतिशत , फोजिया बी ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण करने में सफलता प्राप्त की । दशकों तक विद्या निकेतन स्कूल पावर हाऊस के पास संचालित किया जाता रहा । अब स्कूल का स्थान बदल कर पीजी कालेज अदालत के सामने पहुंच गया हैं। जहां सुविधापूर्ण खेल मैदान के साथ अन्य सुविधाए भी छात्रा, छात्राओं को मिल रही हैं। विद्या निकेतन स्कूल के संचालकों ने 10 वीं, 8 वीं की बोर्ड परीक्षाओं में छात्र छात्राओं को मिली सफलता पर बधाई दी है।

## मूंग की फसल उगने से कटने तक जहरीले कीटनाशकों का भारी उपयोग

**बरेली।** वैद्य एवं डाक्टरों द्वारा रोगियों को मूंग की दाल खाने की सलाह दी जाती थी। वर्तमान में सम्पूर्ण क्षेत्र में मूंग की फसलों की हरियाली छाई हुई है। मूंग फसल उगते ही गर्मी की मूंग फसल को रोगों से बचाने किसानों द्वारा जहरीले कीटनाशकों का बार-बार छिड़काव किया जा रहा हैं। मात्र दो सवा दो महिने में पक कर तैयार हो जाने वाली मूंग की फसल को सुखाने के लिए भी कीटनाशक दवाइयों का उपयोग किया जाता है। जिससे बारिश से पूर्व सुरक्षित ढंग से मूंग की कटाई हो सकें।

सामान्यतः मूंग की खेती बारिश में होती हैं। किसान तुअर के साथ मूंग की खेती करते थे। अब क्षेत्र से मूंग की खेती समाप्ती की ओर हैं। किसानों द्वारा बारिश में अन्य फसलों के स्थान पर धान की खेती ही किए जाने और सिंचाई सुविधा बढ़ने से प्रति वर्ष धान का रकवा बढ़ता जा रहा हैं। 2 दशक पूर्व तक किसानों



द्वारा मुख्य रूप से सोयाबीन की खेती की जाती थी, सोयाबीन की विदाई हो चुकी हैं।

**निरंतर बढ़ता मूंग खेती का रकबाः** किसानों द्वारा खरीफ सीजन में बासमती धान, रवि सीजन में गेंहू चना और गर्मी के मौसम में मूंग की खेती कर वर्ष में तीन फसलों का उत्पादन किया जा रहा हैं। मात्र दो माह में पक जाने वाली मूंग की बड़ी , बरेली क्षेत्र में किसानों द्वारा सिंचाई सुविधा का लाभ उठाकर किसानों द्वारा सिंचाई सुविधा का लाभ उठाकर खेती किए जाने से प्रतिवर्ष रकवा बढ़ता ही जा रहा हैं।

### जहरीले कीटनाशकों उपयोग बढ़ रहा

गर्मी के दिनों में मूंग फसलों में 4-6 बार जहरीले कीटनाशकों का छिडकाव करने से ही विभिन्न रोगो से बमुश्किल बचाव हो पाता है। कीटनाशकों के बीच उत्पन्न होने वाली मूंग में कीटनाशकों के जहरीले अंश जरूर पहुंचते होंगे। भूमि ऊसलों पर गिरा कीटनाशक बारिश में पानी के द्वारा जमीन में बैठने और नदियों में भी पहुंचता है। किसानों द्वारा जैविक खेती की ओर रूझान ध्यान न दिए जाने से संपूर्ण क्षेत्र हजारों किसानों द्वारा प्रति सीजन करोड़ों की राशि का कीटनाशक उपयोग किया जा रहा है।



## साइकिल चलाकर जिले में किया टॉप अब बस से होगी आगे की पढ़ाई

**गढाकोटा।** सागर जिले में दसवीं की परीक्षा में टॉप करने वाली छात्रा और छात्र पर स्कूल प्रबंधन मेहरबान हो गया है, इनकी आगे की पढ़ाई फ्री, आने जाने की व्यवस्था, 5 हजार का नकद पुरकार देने के साथ अन्य किसी तरह की जरुरत होगी तो वह भी मदद करेंगे, गढाकोटा के जिस घोघरा गांव की छात्रा ने स्कूल से 5 किमी दूर कभी साईकिल से तो कभी पैदल जाकर पढ़ाई की इन्ही ने तमाम कठनाई को पार करने के बाद यह मुकाम हासिल किया है,परेशानियों को कम करने के लिए स्कूल व्यवस्थापक मनोज तिवारी आगे आये है ताकि बेटी और अच्छे से पढ़ाई करे।

### सभी बीएलओ शत-प्रतिशत मतदाता पर्ची का करें वितरण: कलेक्टर दीपक आर्य

**सागर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य के निर्देश पर सागर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली विधानसभा क्षेत्रों में के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर्स द्वारा मतदाता पर्ची वितरण एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाए जाने के लिए क्षेत्र के सुपरवाइजर एवं बीएलओ को निर्देशित एवं प्रशिक्षित किया गया है।उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिए है कि मतदाताओं को वोटर पर्ची बाँटने के लिये स्वयं जायें और यह कार्य पूरी जिम्मेदारी के साथ पूरा करें एवं मतदाताओं को मतदान करने प्रेरित करें। मतदाताओं से सम्पर्क के दौरान बीएलओ और अन्य मैदानी अमला मतदाताओं को यह बतायें कि मतदान के दिन वे वोटर आईडी कार्ड या 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज लेकर जरूर आयें, इससे मतदाता की पहचान शीघ्र हो सकेगी और वो बिना किसी देरी के मतदान कर सकेंगे। मतदाताओं को मतदान के लिए आमंत्रित करें। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में संपर्क कर मतदान करने हेतु प्रेरित करने के लिए विशेष प्रचार अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

## समर्थन मूल्य खरीदी केंद्रों पर कम हो रही है गेहूं की आवक

### चमकविहीन गेहूं की 20 मई तक होगी खरीदी

खरीद तारीख बढ़ने से किसानों को मिली बढ़ी राहत, समर्थन मूल्य पर बिकने नहीं आ रहा चना

**बरेली।** इस वर्ष गेहूं ,चना फसल कटाई के दौरान अनेक बार बारिश हुई जिससे खेतों में खड़ा और कट चुका गेहूं बारिश से भीगने की स्थिति बनी सरकार द्वारा 50 प्रतिशत चमक विहीन गेहूं खरीदने के साथ अब 7 के स्थान पर 20 मई तक समर्थन मूल्य पर खरीद तिथि बढ़ा दिए जाने से किसानों को बड़ी राहत मिली हैं। समर्थन मूल्य खरीदी केंद्रों पर कम मात्रा में गेंहू आ रहा है जबकि चना के भाव समर्थन मूल्य से अधिक मंडी में बन रहने से चना नहीं आने की स्थिति बनी हुई है।

**चना गेहूं का औसत उत्पादन कमः** गेहूं ,चना की बोवनी बाद प्रत्येक माह बादल छाने , बारिश होने के बिगड़े मौसम का फसलों पर व्यापक असर बना रहा । विभिन्न प्रकार के रोग लगने के साथ इल्ली का प्रकोप हुआ तेज हवा आंधी चलने से फसले आड़ी हो जाने से दाना पतला रह गया । मौसम की मार से इस वर्ष गेंहू चना के उत्पादन में प्रति एकड़ गिरावट आने से किसानों को नुकशान हुआ। वहीं उत्पादन कम होने से समर्थन मूल्य खरीदी केंद्रों पर पिछले वर्ष की अपेक्षा गेंहू की आवक फिलहाल 50 प्रतिशत के आसपास है।

### चमकविहीन गेहूं की खरीद

जिस प्रकार समर्थन मूल्य खरीदी केंद्रों पर गेहूं की आवक कम हो रही थी । बारिश से भीगें गेंहू की चमक फीकी और दाना छोटा रहने के कारण गेहूं के नमूना फैल किए जा रहे थे। सरकार द्वारा चमक विहीन गेंहू खरीदने की घोषणा से किसानों को बड़ी राहत मिली है। अब गेंहू की आवक बढने की उम्मीद की जा रही हैं। पूर्व में 7 मई तक गेहूं खरीद के आदेश थे। अब खरीद की समय सीमा बढ़ा कर 20 मई कर दिए जाने से भी किसानों को बड़ी राहत मिली है।

# तहसील एसडीएम संयुक्त भवन का होना है 18 माह में निर्माण, भूमिपूजन हुआ, नहीं हुई निर्माण की शुरुआत

### सरकारी क्वार्टर खाली करने दिए सात दिन के नोटिस , बीत गए महीनों, एक माह बाद बारिश होगी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

12 मार्च को तहसील परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर तहसील एवं अनुविभागीय अधिकारी संयुक्त भवन निर्माण का भूमिपूजन हुआ । लगभग साढ़े 12 करोड़ से निर्माण होने वाले बहु मंजिली भवन का निर्माण 18 माह में होना हैं। संयुक्त भवन निर्माण में सबसे बड़ी बाधा 2 हजार स्कायर वर्ग मीटर निर्माण में सरकारी आवास बने हुए हैं। सरकारी आवासों को खाली करने पूर्व में 7 दिन का समय दिया गया था। महिनों बीत गए परंतु आवास खाली नहीं हुए और न ही अभी तक संयुक्त भवन का निर्माण कार्य शुरू हो पाया है। जबकि निर्माण की अवधि 15-18 माह हैं। एक माह बाद बारिश का सीजन शुरू हो जाएगा। ऐसी स्थिति में समयावधि में क्या निर्माण पूर्ण हो पाएगा। दशकों पूर्व तहसील एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के कार्यालय भवन बने थे। वर्तमान में तहसील भवन तो कुछ ठीक है परंतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय तो अत्याधिक क्षतिग्रस्त गंभीर स्थिति में हैं। दोनों ही सरकारी कार्यालयों में स्थान की भारी कमी है। सरकारी दस्तावेजों को सुरक्षित रखना और कर्मचारियों को बैठना भी कठिन बना रहता है।

### सरकारी आवास हो खाली तब निर्माण हो शुरू



12 करोड़ की लागत से तहसील एसडीएम कार्यालय का संयुक्त बहुमंजिला भवन का निर्माण होगा। उक्त संयुक्त भवन में तहसील अनुविभागीय राजस्व कार्यालय के साथ अन्य सरकारी विभागों के कार्यालय जो अन्य स्थानों पर हैं एक ही भवन में आ जाने से ग्रामीणों , किसानों क्षेत्र नगर के निवासियों को भारी लाभ होगा। जिस परिसर में निर्माण होना है वहां दशकों पूर्व वने अनेक सरकारी आवास हैं। जिनकी हालत भी जर्जर हैं। अनेक आवास ग्रहों में आवास आवंटन प्रक्रिया को नजर अंदाज करते हुए आवास आवंटन और परिवारों का निवास बना हुआ है।

### संयुक्त कार्यालय के साथ बने अधिकारी कर्मचारी निवास

तहसील एसडीएम कार्यालय के आसपास अनेक अधिकारियों,कर्मचारियों के आवास ग्रह एवं पुरानी अदालत का क्षतिग्रस्त जर्जर भवन भी हैं। समीप ही पुराना सरकारी अस्पताल और उसमें बने दशकों पुराने आवास हैं। इन आवास की हालत जर्जर होने के बाद भी कर्मचारी परिवार निवास कर रहे हैं। कभी भवन गिरने से हादसे की संभावना बनी रहती हैं। संयुक्त बहुमंजिला भवन का निर्माण 2 हजार वर्गमीटर में हो रहा हैं। शेष खाली पड़ी सरकारी भूमि पर अधिकारियों , कर्मचारियों के भवन निर्माण के द्वारा आवास सुविधा उपलब्ध कराने के साथ सरकारी कर्मचारियों की आवास समस्या को हल किया जा सकता हैं।

-जाहिर सूचना-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम जैतपुरा प.ह.नं. 83 तहसील व जिला विदिशा म.प्र. कि भूमि सर्वे क्रं. 232/4/1 रकवा 0.2090 हे. सर्वे क्रं. 233/1/1 रकवा 0.2090 हे. के भूमि स्वामी शेर सिंह तीरथ सिंह, बलराम सिंह, पहलवान सिंह पुत्रगण फूल सिंह, सीमा बाई पुत्री फूल सिंह, रेशम बाई वेवा फूल सिंह जाति ठाकुर निवासी ग्राम जैतपुरा तहसील व जिला विदिशा ने अपने स्वत्व एवं आधिपत्य कि कृषि भूमि का विक्रय अनुबंध पत्र मेरी पक्षकार जयश्री वैरागी पत्नी श्री विष्णुप्रसाद जाति वैरागी निविसी विदिशा रोड सूखी सेवनिया भोपाल म.प्र. से विक्रय अनुबंध कर लिया है शीघ्र ही मेरी पक्षकार उक्त भूमि का अपने हक में विक्रय पत्र संपादित करा लेगी। यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति/ शासकीय एवं अर्द्धशासकीय संस्था/ बैंक आदि को ऋण लेना शेष हो या कोई आपत्ति हो तो वह मेरे समक्ष सात दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा मेरी पक्षकार समय अवधि निकलने के पश्चात उक्त भूमि का विक्रय पत्र अपने हक में करा लेगी। कृप्या सूचित हों।

भवदीय
राघवेन्द्र सिंह राजपूत एडवोकेट
विदिशा मो.- 9993362754

## खबर संक्षेप

### मतदाताओं को जागरुक करने निकाली रैली

**सांची।** नगर के वार्ड नंबर 13 में निकाली गई मतदान जागरूकता रैली इसमें सभी विभागों के अधिकारीयों ने भाग लिया मतदाता से 100 प्रतिशत मतदान करने की अपील की। वहीं लोगों मतदान करने के लिए जागरूक किया वहीं मानव श्रृंखला बनाकर नारे लगाए। वहीं नगर परिषद सांची सीएमओ अशोक वर्मा, स्वास्थ्य विभाग से रघुबीर सिंह जाटव वीसीएम। वहीं शिक्षा विभाग प्राचार्य अनिल दिक्षित, बीएलओ रमेश शर्मा और राजीव श्रीवास्तव मौजूद रहे।

### नप सांची के बस स्टैंड पर नव सड़क का निर्माण

**सांची।** नगर परिषद सांची के द्वारा बस स्टैंड पर सड़क का निर्माण करवाया जा रहा है, जो लगभग 40 वर्षों के बाद करवाया जा रहा है। कई परिषद आई कई चली गई लेकिन बस स्टैंड पर किसी भी परिषद का ध्यान नहीं गया। इसके पहले सन 1980/85 के आसपास बस स्टैंड पर सड़क का निर्माण करवाया गया था, तब से लेकर आज तक इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं था। यदि देखा जाए कि सांची में स्तूप के अलावा और कोई जगह ऐसी है, जहां पर्यटक घूम सकते हैं तो वह बस स्टैंड है जहां पर पर्यटक आते हैं। नाश्ता पानी करते हैं और घूमते फिरते इस सड़क की लागत लगभग 34 लाख बताई जा रही है। इस सड़क की लोगों को बहुत आवश्यकता थी जो कई दिनों बाद पुरी हुईं हैं। पार्षद पति सुनील जैन ने बताया कि यह सड़क बड़ी ही गुणवत्ता वाली बनाई जा रही है। इससे व्यापारी भाइयों की परेशानी खत्म हो जाएगी। व्यापारी भाइयों से बात करने पर ने बताया कि हम कई दिनों से परेशान कई बार पैसा आया गया अब जाकर हमारी समस्या का हाल हुआ है।

### पति-पत्नी की नोकझोंक में पति घर छोड़कर भागा

**सलामतपुर।** सलामतपुर थाना क्षेत्र के राजीव नगर में पति पत्नी की आपस में हुई नोकझोंक से नाराज़ पति घर छोड़कर बिना बताए गायब हो गया। परेशान पत्नी ने अब पति को ढूंढने की फरियाद पुलिस से लगाई है। प्रधान आरक्षक मंगलेश मालवीय ने बताया कि फरियादी रानी गुजराती ने बताया कि वह ग्राम बोदरी जिला सागर की रहने वाली है और वर्तमान में राजीव नगर में रहती है। उसका पति गुलशन उर्फ गुर्जर पिता अर्जुन कुचबंदिया उम्र 30 वर्ष घर से लड़कर कहीं चला गया है। काफी ढूंढने के बाद भी पति का कहीं पता नहीं चल रहा है। पुलिस ने मामले की जानकारी मिलते ही गुम इंसान कायमकर गुलशन की तलाश शुरू कर दी है।

### मतदान के लिए अभाविप ने चलाया अभियान

**सिलवानी।** सौ फीसदी मतदान के लेकर अधिकारियो व सामाजिक संगठनो द्वारा मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जाकर मतमदान के प्रतिशत को बढ़ाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में अभाविपव के कार्यकर्ता के द्वारा जागरुकता अभियान चला कर घर घर जाकर प्रपत्र वितरित किए। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई सिलवानी द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। संपूर्ण देष में एबीवीपी द्वारा चलाई जा रही समृद्ध भारत यात्रा का नगर आगमन हुआ, कार्यकर्ताओ के द्वारा मतदाताओं से अनुरोध किया कि आने बाली 7 मई को मतदान देने अवश्य जाए।

## नियमों की परवाह नहीं, कर रहे मनमानी, फर्राटा भर रहे ट्रैक्टर चालक

# कृषि कार्य में आने वाली मशीनरी का किया जा रहा 'व्यावसायिक' उपयोग

◆ ट्रॉलियों में यात्रियों को करा रहे जोखिम का सफर, हादसा होने पर होगा जान माल का नुकसान, कार्रवाई के प्रति उदासीनता बरत रहे है जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

कृषि कार्य में किए जाने वाले ट्रैक्टर ट्राली का धड़ल्ले से ना केवल व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा है, बल्कि जान जोखिम में डाल कर सफर भी कराया जा रहा है। जिम्मेदार अधिकारियो की नजरो के सामने से प्रतिदिन ट्रैक्टर ट्राली में 35 से अधिक लागो को बैठाया जा कर सफर कराया जा रहा है। लेकिन अधिकारी कार्रवाही नही कर रहे है।

ट्रैक्टर ट्रॉलियों का उपयोग यूं तो कृषि कार्यों में होता है, लेकिन क्षेत्र में किसानों के खेती किसानी में सहयोगी अधिकतर ट्रैक्टर कृषि कार्यों के अलावा अन्य कार्य भी करते दिख रहे हैं। नगर के व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से भवन निर्माण सामग्री रेत गिट्टी की ढुलाई से लेकर मालवाहक के रूप में ट्रैक्टरों का बेजा इस्तेमाल हो रहा है। इतना ही नहीं गांवों से पचासों लोगों को ट्रॉली में बैठा कर यात्री परिवहन कर यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। क्षेत्र में कई बार ट्रैक्टर ट्रॉलियां दुर्घटनाओं का शिकार भी हो चुकी है बावजूद इसके ट्रैक्टर चालक इन हादसों से सबक नहीं ले रहे हैं।

### अकुशल चालक सड़कों पर दौड़ा रहे ट्रैक्टर ट्रॉली

यातायात के नियमों का सबसे ज्यादा उल्लंघन टैक्टर ट्रॉली संचालन में ही हो रहा है। अधिकतर ट्रैक्टर चालक अकुशल रहते हैं। जो परिवहन के नियम कानून भी नहीं जानते है लोगों को ट्रॉली में भरकर ऐसे चालक उनकी जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। साथ ही सड़क पर दूसरे वाहन चालकों राहगीरों के लिए भी खतरा बढ़ा रहे हैं।



### न नंबर प्लेट लगी न ही रेडियम पट्टी

*सड़क पर दौड़ रहे ट्रैक्टरों में तेज आवाज के स्पीकर पर गाने बजते सुने जा सकते हैं। इनके चालक तेज गति से ट्रैक्टर दौड़ाते हैं जिन्हें गाने की तेज आवाज में दूसरे वाहनों के हॉर्न सुनाई नहीं देते। इससे अक्सर दुर्घटना घटती है। वहीं हजारों रुपए साज सज्जा पर खर्च करने के बावजूद इनमें न तो नंबर डले होते हैं न ही ट्रॉली पर पीछे रेडियम की पट्टी होती है। इससे रात के समय पीछे से आने वालों को उक्त ट्रैक्टर नहीं दिखते और पीछे से दूसरा वाहन टकराने से हादसे होते हैं।*

### एक साइड की हेड लाइट से भ्रम

रात के समय अधिकतर ट्रैक्टर में एक ही तरफ की हेडलाइट जलते दिखती है। इससे दूर से बाइक आने का भ्रम होता है। पास आने पर क्रॉसिंग के दौरान इससे हादसे हो जाते हैं। ऐसे एक हेडलाइट के ट्रैक्टर दुर्घटना की बड़ी वजह बनते हैं।

### राजस्व को लग रहा चूना

*नियमों के अनुसार ट्रैक्टर ट्रॉली का उपयोग खेती किसानी संबंधी कार्यों में ही किया जा सकता है। इनका व्यवसायिक या सवारी वाहन के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। ट्रैक्टर को कृषि कार्य में प्रयुक्त होने से टैक्स में छूट मिलती है लेकिन इनका व्यवसायिक इस्तेमाल होने से शासन के राजस्व को भी क्षति पहुंच रही है।*

### प्रशासन करे कार्रवाई

*अनाधिकृत रूप से नियमों को दर किनार कर संचालित किए जा रहे ट्रैक्टर-ट्राली ऑपरेटरो पर अधिकारियों को सख्त कार्रवाही करनी होगी, ताकि हादसों को टाला जा सके।*

### चालानी कार्रवाई करेंगे

*वाहनों की जांच कर करेंगे कार्रवाई यह बिल्कुल गलत है, चालक और वाहन मालिकों को भी समझाना चाहिए कि वह कितने लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे है। ऐसे वाहनों पर कार्रवाई का प्रावधान है। जांच अभियान चलाकर ऐसे वाहनों पर चालानी कार्रवाई करेंगे।*

*- **अनिल मोर्य,** एसडीओपी सिलवानी*

# पुलिस की तत्परता से मिला खोया हुआ पर्स

## पर्स में रखे थे मोबाइल व सोने चांदी के जेवर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर।

पुलिस की तत्परता से एक महिला का खोया हुआ पर्स मिल गया है। इस पर्स में नगदी, मोबाइल सहित सोने चांदी के जेवरात रखे थे। पर्स मिलते ही फरियादी सौरभ पटेल ने खुशी जाहिर करते हुए पुलिस का आभार व्यक्त किया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 16 अप्रेल को सौरभ पटेल अपनी पत्नी रश्मि पटेल के साथ भोपाल से गोदावल गांव जिला विदिशा पूजा कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था।

रास्ते में बेरखेड़ी चौराहा पर नाश्ता करने एक होटल पर रुके और वापस जाते समय पत्नी का पर्स होटल पर ही छोड़ दिया। इस पर्स में मोबाइल, नगदी सहित सोने चांदी के ज़ेवरात रखे थे। सौरभ पटेल की पत्नी रश्मि पटेल को थोड़ा आगे जाकर पर्स का ध्यान आया तो वह वापस होटल पहुंचे। लेकिन पर्स वहां नही मिला।फिरफ पीड़ति पति पत्नी ने सलामतपुर थाने में पूरे मामले की शिकायत की। थाना

### इनका कहना है।

*16 अप्रेल को बेरखेड़ी चौराहे की होटल से गायब हुए पर्स को साइबर सेल की मदद से मोबाइल ट्रेकिंग पर लगाकर लोकेशन के आधार पर बरामद कर शुक्रवार को फरियादी सौरभ पटेल के सुपुर्द कर दिया है।*

*दिनेश सिंह रघुवंशी, थाना प्रभारी सलामतपुर।*

प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने तत्काल मामले को जांच में लेकर टीम गठित की जिसमें प्रधान आरक्षक गणेश रघुवंशी और हेत सिंह मीणा को शामिल कर साइबर सेल की मदद से पर्स में रखे हुए मोबाइल को ट्रैकिंग पर लगा दिया। मोबाइल की लोकेशन मिलते ही फरियादी सौरभ पटेल की पत्नी रश्मि का पर्स बरामद कर लिया गया। शुक्रवार को सौरभ पटेल को थाने बुलाकर उनका पर्स सुपुर्द किया गया। पर्स और उसमें रखा मोबाइल, नकदी सहित सोने चांदी का पूरा सामान मिलते ही सौरभ की खुशी का ठिकाना नही रहा।

### जिला पंचायत सीईओ ने सलामतपुर रातातलाई मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जाएजा

**सलामतपुर।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत लोकसभा क्षेत्र 18 विदिशा में शामिल जिले के विधानसभा क्षेत्र भोजपुर सांची तथा सिलवानी में आगामी 7 मई को मतदान होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे के निर्देशन में जिला पंचायत सीईओ एवं सांची विधानसभा क्षेत्र की सहायक रिटर्निंग अधिकारी अंजू पवन भदोरिया द्वारा सलामतपुर, रातातलाई और दीवानगंज आदि मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जाएजा लिया और अधिकारी कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर सांची जनपद पंचायत सीईओ बंधु सूर्यवंशी भी मौजूद रही।

## अचानक ट्रक आने से हुई घटना

# शादी से लौट रहे मां-बेटे हुए हादसे में घायल, बेटी की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

सुल्तानपुर क्षेत्र के सेमरी खुर्द के पास हादसा हो गया। यहां शादी समारोह से लौट रहे मां, बेटे और बेटी की बाइक के सामने अचानक ट्रक आ जाने के कारण बेकाबू होकर रोड से नीचे गड्ढे में गिर गई।

इस घटना में मां बेटा और बेटी गंभीर रूप से घायल हो जिन्हें 108 एम्बुलेंस सुल्तानपुर अस्पताल पहुंचाया गया। यहां गंभीर घायल होने पर बेटी को जिला अस्पताल रेफर किया था पर इलाज के दौरान बेटी ने दम तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार मां लक्ष्मी प्रजापति, बेटा शिवकुमार प्रजापति, और बेटी कुमकुम अकोला गांव से



शादी समारोह से लौट रहे थे।

इसी दौरान गुरुवार रात 9.15 बजे हादसा हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही 108 एम्बुलेंस पहुंची और घायल मां बेटे और बेटी को सुल्तानपुर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन गंभीर गलत में बेटी कुमकुम को जिला अस्पताल रेफर किया था, यहां रात में इलाज के दौरान बेटी की मौत हो गई।

# गुरुवार की रात हुए 2 सड़क हादसों में 1 की मौत, 3 व्यक्ति घायल, 2 रायसेन रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

गुरुवार की रात्रि को हुए 2 अलग अलग सड़क हादसो में 1 युवक की मौत हो गई, जबकि 3 युवक घायल हो गए, गंभीर रूप से घायल हुए 2 युवकों को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया।

पहला हादसा राजमार्ग 15 सागर बरेली रोड पर गुंदरई ग्राम के पास बाइक को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक पर 3 युवक दूर फिक गए। जिन्हे सूचना पर 108 एंबुलेंस से सिविल हॉस्पिटल सिलवानी लाया गया, जहां दो युवकों का प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार बम्होरी थाना क्षेत्र के गुंदरई पड़रिया खुर्द ग्राम के बीच में गुरुवार की रात्रि लगभग 8 बजे बाइक क्रमांक एमपी 38 एम एच 1207 पर सवार रेवाराम पिता भैयालाल कुशवाहा उम्र 21 साल निवासी पड़रिया खुर्द, आदर्श लोधी पिता धर्मेन्द्र लोधी उम्र 34



साल निवासी पड़रिया खुर्द एवं एक अन्य युवक बाइक से आ रहे थे जिन्हे अज्ञात वाहन टक्कर मारकर भाग गया।

### दूसरा हादसा

दूसरा हादसा बम्होरी देवनगर मार्ग पर जैतगढ़ के पास हुआ, यहां पर बाइक फिसलने से बाइक सवार की देर तक घटना स्थल पर पड़े रहने से मौत हो गई। पुलिस को खबर मिलने पर शव को पोस्टमार्टम हेतु सिविल हॉस्पिटल सिलवानी लाया। जानकारी के अनुसार गुरुवार-शुक्रवार की देर रात ऋषि कुमार शर्मा उम्र 45 वर्ष निवासी देवनगर अपनी टीवीएस बाइक क्रमांक एमपी 14 एनई 8083 से बम्होरी की ओर से देवनगर जा रहा था रात्रि लगभग 2 बजे जेतगढ़ ग्राम के पास बाईक अनियंत्रित होकर फिसल गई इस हादसे में बाईक सवार की मौत हो गई। सुबह के समय बम्होरी थाना पुलिस को सूचना मिलने पर घटना स्थल पहुंची और शव को पोस्टमार्टम हेतु सिविल हॉस्पिटल सिलवानी लाया, जहां शुक्रवार को पीएम के बाद शव को परिजनो को सौंप दिया।


बम्होरी थाना प्रभारी राजकुमार चौधरी ने बताया कि घटना देर रात की जेतगढ के पास की है पुलिस को सुबह सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची। मर्गकायम कर विवेचना में लिया है। बताया जा रहा है कि मृतक दो भाईयों में बड़ा था और उसकी तीन पुत्री और एक पुत्र है।

# जिला अस्पताल पहुंची केंद्रीय टीम, किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शुक्रवार से शहर के जिला अस्पताल की व्यवस्था को नेशनल क्वालिटी एस्योरेंस स्टेंडर (एनक्यूएएस) के पैमाने परखने का काम शुरू हो गया। एनक्यूएएस प्रमाण पत्र के लिए दावेदार इस जिला अस्पताल की उत्कृष्टता का मूल्यांकन केंद्रीय टीम कर रही है। मूल्यांकन का पहला दिन था।

चेकलिस्ट के आधार पर किए जा रहे मूल्यांकन में अगर जिला अस्पताल को कम से कम 70 प्रतिशत अंक मिल गए तो इसे एनक्यूएएस प्रमाण पत्र मिल जाएगा। मूल्यांकन के क्रम में टीम के



सदस्य डॉ. संतोष कुमार ने अस्पताल के विभिन्न हिस्सों का जायजा लिया।

इनमें इमरजेंसी, प्रसव कक्ष, शल्य कक्ष, एसएनसीयू व पोस्टमॉर्टम कार्यालय शामिल हैं। सदस्यों ने व्यवस्था की सूक्ष्मता से पड़ताल की। व्यवस्था व सामग्रियों के उपयोग की विधि के अलावा दस्तावेजों को भी देखा। कई जगह स्थिति उत्साहवर्द्धक थी। साफ-सफाई व रखरखाव को भी देखा।

### कायाकल्प योजना में 5 बार अव्वल रहा अस्पताल

अग्निशमन यंत्रों पर दर्ज संकेत चिन्हों के बारे में भी जिला अस्पताल के आरएमओ डॉ. विनोद परमार और एसएनसीयू प्रभारी डॉ. आलोक राय से पूछताछ की गई। जिला अस्पताल के आरएमओ डॉ. विनोद परमार ने बताया कि जिला अस्पताल ने कायाकल्प योजना में 5 बार अव्वल स्थान पाने में कामयाबी पाई है।

चिकित्सीय गतिविधियों में भी स्थिति बेहतर रही है। इस कड़ी में एसएनसीयू प्रभारी डॉ. आलोक राय ने बताया जिला अस्पताल को उत्कृष्टता प्रदान करने के लिए की जा रही कोशिशों के बारे में बताया।

# सांची विकासखंड की ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार धुआंधार, खुल रही पोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

सांची विकासखंड की ग्राम पंचायतों में हो रहे भ्रष्टाचार की धीरे-धीरे पोल खुलती जा रही है पंचायत के कुछ सरपंचों का यह हाल है कि वह अपने पद और सत्ता के मद में खुद को सबसे बड़ा प्रभावशाली व्यक्ति समझने लगते है सरकार जो विकास के नाम पर पैसा देती है उसका एक एक रुपए का हिसाब सरकार को देना होता है लेकिन यह सरपंच सचिव दोनों मिलकर इस पैसे का दुरुपयोग करने लगते हैं लेकिन इस भ्रष्टाचार में केवल सरपंच सचिव का हाथ नहीं होता है वल्कि ऊपर बैठे बड़े-बड़े अधिकारियों की घोर लापरवाही और मिलीभगत के चलते इतने बड़े घोटाले होते है

इस संबंध में क्लस्टर प्रभारी सांची रामचंद्र मेहरा ने बताया कि 2 दिन से टीम जांच करने के लिए जा रही है। अभी कुछ और समय चाहिए पूरा निरीक्षण करने के लिए।

### शिकायत का निरीक्षण करने 2 दिन से जा रही टीम

*अभी कुछ पंचायतों में सरपंच सचिव द्वारा पैसे निकाल लिए, निर्माण कार्य के नाम पर कुछ भी नहीं किया। वैसे ही अभी एक पंचायत बंनगवा का है, जहां सरपंच को पद से पृथक कर दिया है और सचिव को सस्पेंड कर दिया है। वही अभी उसी पंचायत बंनगवा के कन्हैया लाल द्वारा शिकायत की गई की है ऐसे कई कार्यो में घोटाले किए जा रहे हैं। इस शिकायत को लेकर जनपद पंचायत से निरीक्षण करने के लिए 2 दिन से टीम जा रही है। ऐसी कोई एक ही पंचायत नहीं है जहां पैसे का दुरुपयोग किया जा रहा है। ऐसी कई पंचायते है, जहां घोटाले हो रहे हो और ऊपर बैठे अधिकारी आंखों पर पट्टी बांधकर देख रहे हैं।*

# ब्राइट फ्यूचर स्कूल के 6 विद्यार्थियों को मिलेगी लैपटॉप की प्रोत्साहन राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

ब्राइट फ्यूचर हायर सेकेंडरी स्कूल के छह छात्र छात्राओं को कक्षा बारहवीं में प्रथम श्रेणी लाकर मध्यप्रदेश शासन से प्रोत्साहन राशि के रूप में लैपटॉप के लिए 25-25 हजार रुपए मिलेंगे। स्कूल के संचालक मिर्जा हसीब बेग ने बताया कि उनके स्कूल में छह छात्र छात्राओं को कक्षा बारहवीं में प्रथम श्रेणी मिली है, जिनमें निशा मीणा को 83.2 प्रतिशत, अनिकेत यादव 78.6 प्रतिशत, वैष्णवी मीणा 77.8 प्रतिशत, मोहम्मद फैसल 76.2 प्रतिशत, तनु राजपूत 75.6 प्रतिशत और इमदाद खान को 75.4 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं।



इन सभी प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को मध्यप्रदेश शासन द्वारा लैपटॉप के लिए 25-25 हज़ार रुपए की राशि मिलेगी। गौरतलब है कि यह राशि उन छात्र छात्राओं को मिलती है। जिन्होंने हायर सेकेंडरी परीक्षा में 75 प्रतिशत अंक बनाए हैं। ब्राइट फ्यूचर हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने यह साबित कर दिया कि वह पढ़ाई में किसी से कम नही है। वहीं इस उपलब्धि पर स्कूल के संचालक मिर्जा हबीब बैग, सहित परिजनों में भी खुशी की लहर है। और इन छात्र छात्राओं ने भी अपनी कामयाबी का श्रेय टीचर और परिजनों को दिया है। कड़ी मेहनत से यह उपलब्धि हासिल की है।

कस्बे सहित आसपास क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने जिनमें थान सिंह राजपूत, रोहित विश्वकर्मा, विकास जायसवाल, वीरेंद्र शाक्या, दीपमाला प्रजापति, वैशाली सिलावट और सलामतपुर के सरपंच प्रतिनिधि शेर सिंह राजपूत, रातातलाई सरपंच रघुवीर सिंह मीणा, थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी, वरिष्ठ पत्रकार अदनान खान, वहीद खान, साजिद खान, पूर्व उपसरपंच हमजा जाफरी, अशोक त्रिपाठी, हसन मंसूरी, दीपक अहिरवार, कैलाश गोस्वामी आदि ने बधाई दी।

## क्षेत्र में गेहूं चना की फसल काटने के बाद डालते है देसी खाद

# किसानों ने खेत में देसी खाद डालना किया प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले कई गांव में आज वे किसान अपने खेतों में देसी खाद डालते हैं। गेहूं चने की फसल काटने के बाद किसान अपने गांव में बने गोबर के खाद को डालना प्रारंभ कर देते हैं धीरे धीरे मिट्टी की सेहत के प्रति किसान जागरूक होने लगे हैं। लगातार घट रहे उत्पाद के कारण अब किसानों ने भी मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

किसान अपने खेतों में देशी खाद के प्रयोग पर अधिक ध्यान देने लगे हैं। छोटी जोत होने के कारण वर्षभर खेतों से उत्पादन चलता रहता है जिससे लगातार भूमि में पोषक तत्वों का अभाव होता जा रहा है।

दीवानगंज क्षेत्र में 70 % घरों में पशु पालन होता है। पशुओं से प्राप्त गोबर को देशी



खाद के रूप में प्रयोग कर किसान भी अपने खेतों की सेहत सुधार रहे हैं। अच्छे उत्पादन के लिए भूमि को 17 प्रकार के पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है।

गोबर की खाद में भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिए पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्व होते हैं। पिछले नवंबर से जनवरी माह के दौरान किसानों को डीएपी खाद के लिए काफी जद्दोजहद करनी पड़ी थी। वहीं गेहूं चना की फैसल काटने के बात किसानों ने अपने खेत में देशी खाद डालना प्रारंभ कर दिया है।

नरखेडा गांव में रहने किसान सुरेश लोधी ने बताया कि देशी खाद से 15 से 20 प्रतिशत उत्पादन भी बढ़ता है। वहीं डीएपी के लिए गत दिनों किसानों को बड़ी परेशानी भी उठानी पड़ी थी। प्रत्येक घर में पशु पालन होता है ऐसे में पशुओं से प्राप्त गोबर की देशी खाद मिट्टी की सेहत सुधारने में काफी कारगर है।

गोबर की खाद में भूमि के लिए आवश्यक 17 पोषक तत्वों में से अधिकांश पोषक तत्व उपलब्ध होते हैं। इसके प्रयोग से भूमि की भौतिक, जैविक व रासायनिक दशा में सुधार होता है। भूमि की नमी को अधिक समय तक शोषित रखने की ताकत बढ़ती है। सूक्ष्म जीवाणुओं की संख्या बढ़ती है जो उत्पादन बढ़ाने में सहायक है।